बीसलपुर बांध भरने के बावजूद अजमेर प्यासा : विधायक देवनानी

अजमेर, (कासं)। बीसलपुर बांध पूरा भर जाने के बावजूद अजमेर प्यासा है। ना नियमित रूप से 24 घंटे और ना ही पूरे प्रेशर से पानी सप्लाई किया जा रहा है। सरकार तो सो ही रही है, जिला प्रशासन और जलदाय विभाग के अधिकारी भी सो रहे हैं। ऐसा लगता है कि सरकार और प्रशासन जनता को सड़क पर उतरने के लिए मजबूर कर रहे हैं। यह बात पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी ने जल संसाधन मंत्री को लिखे पत्र में कही है।

देवनानी ने कहा, पहले तो यह रोना रोया जा रहा था कि बीसलपुर बांध में पानी की कमी है, इसलिए अजमेर शहर सहित पूरे जिले को 24 तो क्या 48 घंटे में भी पानी सप्लाई नहीं किया जा रहा है। अब जबकि अच्छी बरसात से बीसलपुर बांध पूरा भर गया है और भराव क्षमता से अधिक पानी भरने के कारण पानी की निकासी भी की जा चुकी है। इसके बावजूद अजमेर में अभी तक 24 घंटे में पानी की सप्लाई देने का विचार तक नहीं किया। बीसलपुर बांध लबालब भरने के बाद भी अजमेर की जनता पानी को तरस रही है।

देवनानी ने कहा कि अजमेर शहर में आज भी 72 से 96 घंटे के अंतराल से पानी सप्लाई किया जा रहा है। उन्होंने सवाल किया है कि जब बीसलपुर बांध पूरा भर गया है, तो फिर अजमेर को 24 घंटे के अंतराल से पानी सप्लाई क्यों नहीं किया जा रहा है। यह तो शहर की हालत है, गांवों में तो अभी से हालात और ज्यादा विकट बन गए हैं। जब अभी मानसून के मौसम में यह हालत है, तो आने वाले दिनों और अगले साल मई-जून में क्या हालात होंगे, इसकी कल्पना करने मात्र से भयावह स्थिति सामने आती है।

देवनानी ने कहा कि सरकार और प्रशासन जिस तरह का रवैया अपनाए हुए है, उससे ऐसा लगता है कि यह दोनों ही जनता को सड़क पर उतरने के लिए मजबूर कर रहे हैं। यदि जनता आंदोलन पर उतर जाती है, तो इसके लिए सरकार और प्रशासन जिम्मेदार होगा। आखिर जनता कब तक प्यासी रहेगी और सरकार व प्रशासन कब तक जनता के धैर्य की परीक्षा लेता रहेगा। उन्होंने कहा, जब भी पेयजल संकट के बारे में अधिकारियों से बात की जाती है, तो यह राग अलापा जाता है कि पाइप लाइनें सही नहीं हैं और ज्यादा दबाव के कारण फट जाती हैं।

देवनानी ने कहा कि जब यह स्थिति है, तो अब तक पुरानी लाइनों को बदलने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए। जिन क्षेत्रों में पाइप लाइनें काफी पुरानी हो गई हैं, उनकी जगह स्टील की लाइनें क्यों नहीं डाली जा रही हैं। आखिर कब, तक पाइप लाइनों और अधिकारियों की लापरवाही के कारण जनता को तीन-तीन दिन, चार-चार दिन में और कम प्रेशर से पानी मिलता रहेगा। उन्होंने जलदाय मंत्री से इस मामले में गौर कर जल्द से जल्द अजमेर में 24 घंटे में पानी सप्लाई कराने का आठाह किया है।

करंट से मौत, अजमेर डिस्कॉम पर 11 लाख का हर्जाना

जयपुर, (कासं)। जिले के जिला न्यायालय ने खेत से गुजर रही लाइन का तार टूटने के चलते करंट लगने से किसान की मौत के मामले में अजमेर डिस्कॉम पर 11 लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। अदालत ने कहा है कि क्लेम याचिका पेश करने की तिथि से हर्जाना राशि पर ब्याज भी अदा किया जाए। अदालत ने यह आदेश झुंझुनू के सूरतगढ़ निवासी विजय लक्ष्मी व अन्य की क्लेम याचिका पर दिए।

याचिका में कहा गया कि 15 अप्रैल 2015 को याचिकाकर्ता का पति बिशन सिंह खेत में काम कर रहा था। इस दौरान खेत से गुजर रही बिजली की लाइन टूटने से वह करंट की चपेट में आ गया। जिसके चलते करंट लगने से उसकी मौत हो गई। याचिका में कहा गया कि बिजली के तारों का रखरखाव करने की जिम्मेदारी अजमेर डिस्कॉम की थी, लेकिन उसने अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं किया। जिसके चलते उसके पति की मौत हो गई। ऐसे में डिस्कॉम पर हर्जाना लगाया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने अजमेर डिस्कॉम पर 11 लाख रुपए का हर्जाना लगाया है।

लंपी रोग के संबंध में बैठक आयोजित

ब्यावर, (निसं)। गौवंश में फैल रहे लम्पी स्किन रोग के उपचार एवं रोकथाम के संबंध में नगर परिषद , पशुपालन, पंचायत राज , भामाशाह तथा विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के साथ उपखंड स्तरीय स्तरीय लम्पी स्किन रोग नोडल अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी राहुल जैन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

उपखंड अधिकारी राहुल जैन ने बताया कि शहर में नगर परिषद के सफाई निरीक्षकों की अगुवाई में दो टीमों का गठन किया जाएगा। टीम में स्वयंसेवकों, विभिन्न सामाजिक संगठनों को भी जोडा गया है। पशुपालन का मेडिकल स्टाफ ऑनकॉल रहेगा। दो टीमों का कार्य अपने क्षेत्र में बीमारी से ग्रसित गौवंश को मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराना रहेगा। इसके लिए पशुपालन विभाग द्वारा मेडिकल किट उपलब्ध करवाया जाएगा। टीम द्वारा गौवंश को आयुर्वेदिक लडडू भी खिलाए जाएंगे। दोनों टीम के सदस्य द्वारा गंभीर हालत वाले गौवंश को आईसोलेशन सेन्टर पर भिजवाया जाएगा। आयुर्वेदिक लडडू बनाने का कार्य गुरुद्वारा सेवा समिति ब्यावर, एनजीओ एवं भामाशाह के सहयोग से किया जा रहा है। चारा पानी इत्यादि सामग्री, दवाईयों एवं अन्य व्यवस्था के लिए प्रकोष्ठ के गठन किए जाने पर चर्चा की गई।

संक्रमित गौवंश के परिवहन के लिए नगर नगर परिषद ब्यावर द्वारा मांग के अनुसार अस्थाई रूप जेसीबी, वाहन चालक एवं स्टाफ उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। भारत विकास परिषद एवं वंदे गौ मातरम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अस्थाई गौशाला अजमेर रोड में चारा एवं रखरखाव किया जाना सुनिश्चित करेंगे। उपखण्ड अधिकारी राहुल जैन ने नगर परिषद ब्यावर को निर्देश दिए कि वर्तमान में जिन जमादारों की ड्यूटी अजमेर रोड स्थित अस्थाई गौशाला में लगाई गई है उसे तत्काल निरस्त कर प्रस्तावित तेजा मेला में उपयोग में लिया जावे। सुनील यादव सहायक अभियंता नगर परिषद ब्यावर ने बताया कि वर्तमान में कांजी हाउस विजय नगर रोड एवं अजमेर रोड अस्थाई गौशाला दोनों मिलाकर लगभग 120 संक्रमित मरीजों का इलाज विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं पशुपालन विभाग की देखरेख में किया जा रहा है। शलभ टंडन समन्वयक कोआर्डिनेशन कमेटी लंपी स्किन रोग डिसीज ने आगामी दिनों में विभिन्न सामाजिक संगठनों के माध्यम से किए जाने वाले प्रयासों को और तेजी से किए जाने की उपयोगिता पर बल दिया।

तहसीलदार ब्यावर द्वारा गौशाला मसूदा रोड के द्वारा एंबुलेंस दिए जाने की बात रखी। जिसका समस्त खर्चा वहन करने के लिए सामाजिक संगठनों से आव्हान किया। समीक्षा बैठक में मोहन सिंह राजावत तहसीलदार ब्यावर, अमिता मान प्रशिक्षु आर.ए.स विकास अधिकारी जवाजा, शलभ टंडन समन्वयक, डॉक्टर जावेद हुसैन भारत विकास परिषद से राजेंद्र काबरा,प्रशांत पाबूवाल, अमरचंद मूंदड़ा, गुरुद्वारा सेवा समिति से मनजीत सिंह हुडा, एकम आसरा ट्रस्ट सतपाल सिंह सोनी, वंदे गौ मातरम ट्रस्ट से लोकेश परिहार, जयंत सोलंकी, दीपक रावत, सतीश गर्ग, सुनील यादव सहायक अभियंता नगर परिषद ब्यावर बैठक में उपस्थित रहे।

घाट पर फिसलने से पांच घायल

पुष्कर, (निसं)। पुष्कर सरोवर के अलग अलग घाटों पर मंगलवार सुबह फिसलकर गिरने से पांच यात्री घायल हो गये। टीम के किशन गोपाल जाट ने जानकारी देते हुए बताया कि राइसन पुत्र भूरा निवासी बांसवाड़ा 25 वर्षीय युवक वराह घाट पर स्नान करते हुए पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया। जिसको मौके पर तैनात सिविल डिफेंस की सुमित्रा चौहान ने बांस की सहायता से निकालकर जान बचाई। बद्री घाट पर राजू पुत्र पेमाराम निवासी रामसर के पैर फिसलने से सिर में गहरी चोट आने के कारण वंही घाट पर सुनील उपाध्याय एवं अमरचंद सांखला ने पट्टी बांधकर श्यामसुंदर मारोठिया की सहायता से हॉस्पिटल लेकर गए। गऊ घाट पर प्रकाश भील के फिसलने से हाथ के अंगूठे में चोट आने पर पट्टी बांधकर हॉस्पिटल भेज दिया गया। भरतपुर घाट पर भगवान दास पाली निवासी के सिर में लगने पर तीन टांके आये व गऊ घाट पर आठ वर्षीय नेमीचंद पुत्र सोनाराम निवासी मध्य प्रदेश के उड़िया के सिर में चोट लगने पर सिविल डिफेंस के राकेश कहार व भानुप्रकाश ने पट्टी बांधकर प्राथमिक उपचार दिया।

आम सूचना

हर आम व खास को सूचित किया मेरी मुवक्किला श्रीमती ममता सोनी पत्नि स्व. श्री नेमीचन्द जी सोनी जाति सोनी निवासी टेलिफोन एक्सचेन्ज के पीछे बिजयनगर जिल अजमेर ने ग्राम तस्वारिया पटवार हल्का तस्वारिया तहसील हुरड़ा जिला भीलवाड़ा की आराजी खाता नंबर 441 खसरा नंबर 588, 613 कुल रकबा 34 बीघा 01 बिस्वा भूमि जरिये रजिस्टर्ड बेचाननामा दिनांक 8/7/2019 श्री सुरेन्द्र सिंह, सुबवीर सिंह पिसरान श्री करतार सिंह जाति पंजाबी निवासी सेन्ट्रल बैंक के पास, रामनगर, अजमेर से क्रय की है। जिस किसी भी व्यक्ति को कोई उज्र एतराज या आपत्ति हो तो 7 दिवस में मेरे व/या मेरी मुवक्किला के समक्ष प्रस्तुत कर देवे बाद गुजरने मियाद मेरी मुवक्किला द्वारा उक्त आराजियात राजस्व रिकार्ड में अपने नाम नामान्तकरण हेतु आवेदन व/या विधिक कार्यवाही आरम्भ कर दी जावेगी। सो सूचित रहे ताकिद जाने।

अशोक शर्मा - एडवोकेट
गांधी नगर, बिजयनगर (अजमेर)
मो. 9214533590

भीलवाडा में एन.एस.यू.आई. ने मांगों को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

भीलवाडा, (निसं)। एन.एस.यू.आई. शहर पश्चिम ब्लॉक भीलवाडा अध्यक्ष आदित्य यादव एवं उपाध्यक्ष विशाल गवारिया के नेतृत्व में जिला पुलिस अधीक्षक को छात्रों व मजदूरों के हितों की सुरक्षा की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि प्रताप नगर थाना क्षेत्र में लगातार अपराध बढ रहे हैं। असामाजिक तत्व बढते अपराध से थाना क्षेत्र में स्कूल कॉलेज एवं फैक्ट्रियों में कार्यरत् मजदूरों पर अकारण हमले हो रहे हैं जिससे एन.एस.यू.आई. छात्र संगठन ज्ञापन पेश कर निवेदन करता है कि थाना क्षेत्र में आई.टी.आई., एम.एल.वी. टैक्सटाईल कॉलेज एवं निजी शिक्षण संस्थान होने से छात्रों को क्षेत्र में हो रही लगातार चाकूबाजी, मारपीट एवं बढते हमलों से लोग भयभीत एवं आक्रोशित हैं। क्षेत्र में छात्रों एवं मजदूरों से अभद्र व्यवहार एवं बेवजह मारपीट की घटनायें भी बढ रही है जिसमें टैक्सटाईल कॉलेज सहित सरकारी व निजी शिक्षण संस्थानों में अपराधी किस्म के लोग मंडराते रहते हैं।

आज़ादी का अमृत महोत्सव | द्वारा समर्थित

इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया
(संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित)

राजस्थान में आईसीएआई एमएसएमई यात्रा का आगमन
(सितम्बर 01 से सितम्बर 08, 2022 तक)

आईसीएआई एमएसएमई यात्रा
अगस्त 18 - नवम्बर 18, 2022
75 दिन | 75 कार्यक्रम | 75 शहर | 22 राज्य

"हमारे एमएसएमई क्षेत्र का भारतीय अर्थव्यवस्था में एक तिहाई हिस्सा है। एमएसएमई क्षेत्र के सशक्तिकरण का मतलब है सम्पूर्ण समाज को सशक्त बनाना। इसलिए, एमएसएमई क्षेत्र के विस्तार को अभूतपूर्व प्रोत्साहन दिया जा रहा है।"
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

01.09.2022 उदयपुर 9928208796*
02.09.2022 जोधपुर 7014379131*
03.09.2022 भीलवाड़ा 9785084747*
04.09.2022 अजमेर 8104923212*
05.09.2022 ब्यावर 9214337406*
06.09.2022 किशनगढ़ 9829488066*
07.09.2022 जयपुर 9582917612*
08.09.2022 अलवर 7737747747*

विशेषताएं
सार्वजनिक संसाधनों, क्रेडिट और मार्केटिंग प्रतिस्पर्धा में एमएसएमई की पहुँच सुनिश्चित करना
एमएसएमई यात्रा वाहन देश भर में 14000 किमी की यात्रा करेगा
विशेषज्ञ एमएसएमई को तुरन्त समाधान प्रदान करेंगे
एमएसएमई का ज्ञान वर्धन एवं क्षमता निर्माण

निःशुल्क एमएसएमई उद्यम पंजीकरण

*विवरण के लिए ऊपर दिए गए संबंधित नंबरों पर सम्पर्क करें

संयुक्त आयोजक
कमेटी ऑन एमएसएमई एंड स्टार्टअप, आईसीएआई एवं
कमेटी फॉर डेवलेपमेंट ऑफ इंटरनैशनल ट्रेड, सर्विसेज एंड डब्ल्यूटीओ, आईसीएआई

द्वारा समर्थित
सिडबी | एनएसआईसी | एसबीआई

CBC 07108/15/0009/2223

हमें फॉलो करें | www.icai.org | आईसीएआई - WCOA 2022 (18-21 नवम्बर) का गौरवान्वित आयोजक | अधिक जानकारी हेतु msme.icai.org देखें

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांक : नियमन/प्र.श.सं.अभि.2021/आमसूचना/7035 दिनांक :31.08.2022

प्रशासन शहरों के संग अभियान–2021 के अन्तर्गत नगर विकास न्यास भीलवाड़ा में नियमन हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों हेतु सार्वजनिक उज्रदारी सूचना

निम्नांकित आवेदकों द्वारा नगर विकास न्यास भीलवाड़ा में उनके नाम के सम्मुख अंकित ग्राम व आराजी संख्या मय भूखण्ड संख्या के नियमन हेतु आवेदन किया गया है :–

क.सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम	आराजी संख्या	कृषि भूखण्ड संख्या	साईज
1.	श्रीमती बिन्दु पत्नी श्री भैरू माली	मलाण	1176	15	20X40=88.88 वर्गगज
2.	श्रीमती फरजाना बानो पत्नी श्री फारूख मुसलमान	मलाण	1141	5	25X45=125.00 वर्गगज
3.	श्री रामप्यारी पत्नी श्री रामबक्ष तेली	मलाण	1087, 1088	बी–49	25X40=111.11 वर्गगज
4.	श्रीमती उगमी देवी पत्नी श्री लालाराम भील	मलाण	1034/2	28ए	25X40=111.11 वर्गगज
5.	श्री राजेन्द्र सिंह पिता मदनसिंह राजपुरोहित	मलाण	269	103	25X40=111.11 वर्गगज
6.	श्रीमती स्नेहलता पत्नी श्री शिवशंकर शर्मा	मलाण	1177	86	25X47=130.55 वर्गगज
7.	श्रीमती शांती देवी पत्नी श्री ललित शर्मा	मलाण	1320/270	9	16.9+25.2/2X52.6 वर्गगज
8.	श्री ख्यालीराम लाल पुत्र श्री नानूराम तेली	मलाण	1094	बी–126 का भाग	12.6X40=55.55 वर्गगज
9.	श्री मुकेश कुमार पाराशर पुत्र श्री सोहनलाल पाराशर	मलाण	5536	17	20X40=88.88 वर्गगज
10.	श्री रईस मोहम्मद पिता सलीम मोहम्मद	मलाण	1168/2	16 का भाग	12.6X40=55.55 वर्गगज
11.	श्री लक्ष्मीलाल सेन पिता गोपाललाल सेन	मलाण	148/1	46	20X45=100.00 वर्गगज
12.	श्री डालचन्द माली पुत्र श्री नानूलाल माली	मलाण	1321/1190	6	20X50=111.11 वर्गगज
13.	श्रीमती शोभादेवी पत्नी श्री धर्मेन्द्र राजपूत (राजपूत)	मलाण	148/1	42	20+22.6/2X22.6=53.36 वर्गगज
14.	श्री फकरूदीन पिता ख्वाजाबक्ष शेख	मलाण	549	6, 7 का भाग	16.6X50=91.66 वर्गगज
15.	श्री अमित कुमार पिता भवानीशंकर शर्मा	मलाण	290/2	18	25X40=111.11 वर्गगज
16.	श्रीमती सोनिया बानू पत्नी श्री मुमताज मोहम्मद	मलाण	1052	85 का भाग	17.6X40=77.77 वर्गगज
17.	श्रीमती मीरादेवी मीणा पत्नी श्री प्रेमसिंह मीणा	मलाण	1290/1189	7	25X50=138.88 वर्गगज
18.	श्रीमती चन्दा बानू पत्नी श्री अख्तर अली खां	मलाण	1166/2	51 का भाग	12.6X40=55.55 वर्गगज
19.	श्री बाबू मोहम्मद पुत्र श्री दावल मोहम्मद मंसूरी (पिनारा)	मलाण	1150	35	25X40=111.11 वर्गगज
20.	श्री सिकन्दर सिंह पुत्र श्री हिम्मतसिंह राजपूत	मलाण	1166/2	49	25X40=111.11 वर्गगज
21.	श्री तुलसीराम मावर पिता बंशीलाल माली	मलाण	1290/1189	38	34X37+38/2=141.66 वर्गगज
22.	श्रीमती रईसाबानु पत्नी श्री जहुर अली डायर	मलाण	1151	24 का भाग	15X40=66.66 वर्गगज
23.	श्रीमती रईसाबानु पत्नी श्री जहुर अली डायर	मलाण	1150	17–सी	15X38=63.33 वर्गगज
24.	श्रीमती गायत्री देवी नराणीवाल पत्नी श्री सम्पतलाल नराणीवाल	भीलवाड़ा	2731	5 का भाग	35X50=194.40 वर्गगज
25.	श्री सैयद अली पिता अलारख मोमिन	भीलवाड़ा	1102	22	25X40=111.11 वर्गगज
26.	श्री बलवीर गुर्जर पिता भंवरलाल गुर्जर	भीलवाड़ा	2932	5 का भाग	25X45=125.00 वर्गगज
27.	श्री महेन्द्रसिंह पुत्र श्री दलेल सिंह राजपूत	भीलवाड़ा	1034/2	12 का भाग	18X22=44.00 वर्गगज
28.	श्रीमती नारायणी देवी पत्नी श्री सुनील कुमार खटीक	भीलवाड़ा	1734	7	34.6X65=249.88 वर्गगज
29.	श्रीमती एजीदेवी पत्नी स्व0 श्री धन्नालाल कुम्हार	भीलवाड़ा	2651	90	25X40=111.11 वर्गगज
30.	लाली देवी पुत्री स्व0 श्री छगनलाल कोली	भीलवाड़ा	1055	56	25x45=125.00 वर्गगज
31.	श्री पंकज डिडवानिया पुत्र श्री बंशीलाल डिडवानिया	भीलवाड़ा	1033	61	30X50=166.66 वर्गगज
32.	श्रीमती पुष्पादेवी पत्नी श्री भंवरलाल जोशी	भीलवाड़ा	1087, 1090	62	25X40=111.11 वर्गगज
33.	श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री भगवान सिंह भाटी	पांसल	3371/1	69	25X40=111.11 वर्गगज

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस भूखण्ड के नियमन बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या सम्बन्धित को कोई उजर/एतराज/आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय साक्ष्य/दस्तावेज प्रस्तुत करे। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या सम्बन्धित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नियमन/आवंटन/समपरिवर्तन आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

सचिव
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा